जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 28.10.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 28.10.2026 को अपराह्न 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अरूण सिंह, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. श्री अमित कुमार त्यागी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मैनपुरी।
3. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
4. इं0 सूर्यकान्त शाहू, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
5. इं0 श्रीनिवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –
अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यकम के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनान्तर्गत विभिन्न अवयवों की भौतिक प्रगति निम्नवत् है–

क्र0सं0	कार्य का विवरण	लक्ष्य	गत माह की प्रगति	वर्तमान माह की प्रगति	कुल प्रगति	अवशेष
1	गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0)	259933	254968	254968	0	4965
2	बाउण्ड्रीवाल	488	458	458	0	30
3	वितरण प्रणाली	5928	5236	5236	0	692
4	अवर जलाशय	478	181	190	9	288
5	पम्प हाउस	541	449	449	0	92
6	पम्प इंस्टालेशन	541	532	541	9	0
7	सोलर पैनल इंस्टालेशन	471	434	434	0	37
8	ई0वी0 कनेक्शन	70	50	50	0	20
9	हर घर जल प्रमाणीकरण	783	135	135	0	648
10	पूर्ण योजनायें	418	76	78	2	340
11	सड़क पुर्नस्थापना	2558	2468	2549	81	9

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा गत माह समीक्षा बैठक से वर्तमान तक निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बहुत कम है, अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया, कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 के पास मशीनरी/मैनपावर का अभाव होने के कारण प्रगति प्राप्त नही की जा सकी। निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर अवशेष योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगतिः– अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि 209 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल रिपोर्टेट किया गया। जिसके सापेक्ष मात्र 135 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। निर्देशित किया गया कि अवशेष 74 राजस्व ग्रामों में पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कर जलापूर्ति कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(जिला समन्वयक (डी0पी0एम0यू0)/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))

योजनाओं की स्थितिः– अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 418 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 78 नग योजनाऐ पूर्ण की जा चुकी है। 13 नग योजनाऐ पंचायतीराज विभाग द्वारा हस्तान्तरण की जा चुकी है तथा 49 नग योजनाओं को पंचायतीराज विभाग के पोर्टल पर हस्तान्तरण के लिए अपलोड की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत को हस्तान्तरण हेतु पोर्टल पर अपलोडिड (uploaded) 49 योजनाओं को जिला पंचायत राज

अधिकारी से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र ग्राम पंचायत को हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण करें, पूर्ण योजनाओं में रोस्टर के अनुसार नियमित जलापूर्ति करायी जाये तथा योजनाओं पर जलापूर्ति समस्या एवं शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाये।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/जिला पंयायत राज अधिकारी)

अवर जलाशय एवं जलापूर्ति की स्थितिः– अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 418 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के 478 नग प्रस्तावित अवर जलाशय के सापेक्ष 190 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 190 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 153 नग अवर जलाशय से 260 राजस्व ग्रामों को जलापूर्ति से आच्छादित किया जा रहा है एवं 212 राजस्व ग्रामों में सीधे नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। शेष 292 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं 02 नग अवर जलाशय पर भूमि विवाद होने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है। निर्देशित किया गया कि उक्त 02 नग अवर जलाशय पर 01 सप्ताह के अन्दर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। शेष 37 नग निर्मित अवर जलाशय के अवशेष कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण))

सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः– अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 692 नग राजस्व ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्देशित किया गया कि अवशेष सड़क मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

मशीनरी/मैनपावरः– डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन हर घर जल कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन 418 पेयजल योजनाओं में कार्यदायी फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कार्यस्थल पर मात्र 620 मैनपावर उपलब्ध है निर्देशित किया गया कि उपरोक्त योजनाओं को निर्धारित तिथि अन्तर्गत पूर्ण करने हेतु 1201 नग मैनपावर उपलब्ध कराते हुए अवशेष योजनाओं का कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें, जिसकी आख्या टी0पी0आई0 द्वारा प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप "DWSM JJM Mainpuri" में प्रेषित की जाये।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

बैठक सधन्यवाद समन्न हुयी।

अनुमोदित

(अरूण सिंह)
अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मैनपुरी।

(संतोष बहादुर सिंह)
आई0ए0एस
मुख्य विकास अधिकारी
मैनपुरी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।

पत्रांक– / / दिनांक–

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, मैनपुरी ।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, मैनपुरी (सदस्य)।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मैनपुरी।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मैनपुरी।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 मैनपुरी।
6. मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

अधिशासी अभियंता